जनपद-उन्नाव के अन्तर्गत 16 विकास खण्डों में कुल 216 सरकारी ट्यूबवेल लगे हैं एवं इनमें 67 ट्यूबवेल ऑपरेटर कार्यरत हैं।

विगत वर्ष 2020-21 में सरकारी ट्यूबवेलों से कुल 17220 हेक्टेयर सिंचाई दर्ज की गयी है।

वर्ष 2020-21 में जनपद-उन्नाव में कुल 07 सरकारी ट्यूबवेल स्थायी रूप से खराब रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि राजकीय नलकूपों का अस्थायी रूप से यॉत्रिक/विद्युत दोष से बन्द होना एवं चालू कराया जाना एक सतत् प्रक्रिया है। यॉत्रिक दोष से बन्द राजकीय नलकूपों को विभागीय मानकों के अनुसार निर्धारित अवधि में ठीक कर चालू करा दिया जाता है। विद्युत दोष से अस्थायी रूप से बन्द राजकीय नलकूपों को चालू कराये जाने हेतु विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर बन्द नलकूपों को चालू कराये जाने की कार्यवाही की जाती है।

स्थायी रूप से बन्द 07 राजकीय नलकूपों में से 02 राजकीय नलकूपों का पुनर्निर्माण कराकर सिंचाईरत कर दिया गया है। स्थायी रूप से बन्द 03 राजकीय नलकूपों का पुनर्निर्माण तकनीकी कारणों से साध्य नहीं है। वर्तमान में कोई परियोजना प्रचिलत न होने के कारण स्थायी रूप से बन्द शेष 02 राजकीय नलकूपों के पुनर्निर्माण की कार्यवाही सम्भव नहीं है।

**स्वतंत्र देव सिंह**

**मंत्री**

**जल शक्ति विभाग।**